आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1845 बुधवार 03.06.2026

मुख्य समाचारः–

1– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में जनजातीय विकास परियोजनाओं को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।

2– प्रदेश में हुए नगरीय निकाय चुनावों के लिए कल मतगणना होगी–कल ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के परिणाम भी घोषित किए जाएंगे।

3– ईडी ने सीजीपीएससी भर्ती घोटाले से जुड़े अधिकारियों के विभिन्न स्थानों में तलाशी अभियान चलाया।

4– सीजीपीएससी ने राज्य सेवा मुख्य परीक्षा दो हजार पच्चीस की लिखित परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया।

राष्ट्रपति–सम्मेलन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसियों और एकीकृत जनजातीय विकास परियोजनाओं को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि देशभर में रहने वाला जनजातीय समाज सांस्कृतिक रूप से बहुत समृद्ध है और इन्हें आगे बढ़ाने के प्रयास किए जाने चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि देश के प्रत्येक गांव और व्यक्ति तक विकास पहुंचना चाहिए।

जनजातीय समुदाय के अनेक गांव और बस्तियां दूर–दराज के क्षेत्र में जंगलों और पहाड़ तले इलाकों में होते हैं। ऐसे इलाकों को विकास की मुख्यधारा से पूरी तरह जोड़ना आपका कर्तव्य है। अंतिम गांव और अंतिम बस्ती के अंतिम घर तक विकास कार्यक्रम को पहुंचाना आपका उत्तरदायित्व है।

त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव–मतगणना

प्रदेश में हुए नगरीय निकाय चुनावों के लिए कल चार जून को मतगणना होगी। कल ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के परिणाम भी घोषित किए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने मतगणना के लिए सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं।

गौरतलब है कि नगरीय निकायों और त्रि–स्तरीय पंचायतों के आम तथा उप–निर्वाचन के लिए एक जून को मतदान हुआ था। नगरीय निकायों में अध्यक्ष और पार्षद पदों के लिए हुए मतदान में चौरासी दशमलव पांच–आठ प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं त्रि–स्तरीय पंचायतों में जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पदों के लिए अट्ठहत्तर दशमलव छह–एक प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

राज्यपाल–रेत उत्खनन कार्रवाई

राज्यपाल रमेन डेका ने आज लोकभवन में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में खनिज विभाग के सचिव पी. दयानंद से प्रदेश की नदियों और बड़े नालों में हो रहे रेत के अवैध उत्खनन पर चर्चा की। राज्यपाल ने अवैध और अनियंत्रित रेत उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेत, राज्य के विकास और बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए एक अनिवार्य खनिज है, लेकिन इसके अनियंत्रित दोहन से पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंच रही है। श्री डेका ने कहा कि राज्य में रेत खनन पूरी तरह से वैज्ञानिक, सुनियोजित और व्यवस्थित तरीके से किया जाना चाहिए।

## सुशासन तिहार–मुख्यमंत्री

सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल चार जून को गौरेला विकासखंड के ग्राम पंचायत लमना में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होंगे।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने कल कांकेर जिले में सुशासन तिहार के तहत कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर और बस्तर जिलों में संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को समयबद्ध, जवाबदेह और परिणामोन्मुख कार्यशैली अपनाने के निर्देश दिए।

## ईडी–कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग–सीजीपीएससी भर्ती घोटाले से जुड़े कथित धनशोधन मामले की जांच के तहत आज राज्य के विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव और रायपुर के लगभग दस ठिकानों पर की गई। तलाशी लिए गए प्रमुख स्थानों में पूर्व सीजीपीएससी सचिव जे.के. ध्रुव का भिलाई स्थित निवास शामिल है। यह कार्रवाई वर्ष दो हजार बीस से दो हजार बाईस के बीच आयोजित सीजीपीएससी भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच के आधार पर की जा रही है।

ईडी की टीम ने दुर्ग जिले के तलपुरी स्थित सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अमृत कुमार खलखो के निवास पर भी जांच की। अधिकारियों ने संपत्तियों, बैंक खातों और अन्य वित्तीय अभिलेखों से संबंधित दस्तावेजों का परीक्षण किया। इसके अलावा, राजनांदगांव में कृषि विस्तार अधिकारी भूपेंद्र गणवीर के निवास पर भी तलाशी ली गई। वहीं, ईडी ने तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक के रायपुर स्थित निवास पर भी दबिश दी।

सूत्रों के अनुसार, ईडी कथित अपराध से अर्जित धन के स्रोत, उससे जुड़ी संपत्तियों तथा वित्तीय लेन–देन की श्रृंखला का पता लगाने के साथ ही मामले में अन्य संभावित लाभार्थियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

## वेव्स ओटीटी

प्रसार भारती के डिजिटल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म – वेव्स ओटीटी ने नवंबर दो हजार चौबीस में लॉन्च होने के दो साल से भी कम समय में एक करोड़ पंजीकृत उपयोगकर्ताओं का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि भारत के सार्वजनिक डिजिटल मीडिया इकोसिस्टम के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है और भारत तथा दुनियाभर के दर्शकों को विश्वसनीय, समावेशी और विविध सामग्री प्रदान करने वाले स्वदेशी डिजिटल प्लेटफार्मों को अपनाने में हो रही वृद्धि को दर्शाती है।

## विशेष कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार के बारह वर्ष पूरे होने पर प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा आज रात आठ बजे से छत्तीसगढ़ी में विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अवधि पांच मिनट की होगी और इसका प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र एक साथ करेंगे।

## सीजीपीएससी–मुख्य परीक्षा

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग–सीजीपीएससी ने राज्य सेवा मुख्य परीक्षा दो हजार पच्चीस की लिखित परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। आयोग के अनुसार मुख्य परीक्षा छह से नौ जून तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा हर दिन दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह नौ बजे से दोपहर बारह बजे तक और दूसरी पाली दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित की

जाएगी। मुख्य परीक्षा अंबिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर और रायपुर स्थित परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी।

आयोग ने बताया है कि प्रवेश पत्र पच्चीस मई को जारी किए जा चुके हैं। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

माशिमं–समय सारिणी

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं और बारहवीं की द्वितीय अवसर के लिए मुख्य परीक्षा की समय–सारिणी जारी कर दी है। हायर सेकण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा आठ जुलाई से बाईस जुलाई और हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा नौ जुलाई से इक्कीस जुलाई तक आयोजित होगी। दोनों परीक्षाएं सुबह नौ बजे से दोपहर सवा बारह बजे तक आयोजित की जाएगी।

प्रधानमंत्री शोध पीठ योजना

उच्च शिक्षा विभाग ने प्रधानमंत्री शोध पीठ योजना के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस प्रमुख राष्ट्रीय पहल का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों, प्रयोगशालाओं, अनुसंधान संस्थानों और उद्योगों से भारतीय मूल के प्रतिभाशाली अनुसंधानकर्ताओं, वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविदों और पेशेवरों को देश भर के प्रमुख सरकारी उच्च शिक्षा संस्थानों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और अनुसंधान केंद्रों की ओर आकर्षित करना है।

बाल सक्षम नीति–अभियान

छत्तीसगढ़ में सड़कों पर जीवनयापन कर रहे बच्चों के पुनर्वास के लिए जून महीने में विशेष सघन अभियान चलाया जा रहा है। राज्य सरकार की बाल सक्षम नीति के तहत सड़क पर रहने वाले, भिक्षावृत्ति, बाल श्रम और कचरा संग्रहण में लगे बच्चों की पहचान कर उनका रेस्क्यू और पुनर्वास किया जा रहा है। अभियान के तहत बच्चों को सुरक्षित आश्रय, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।

संपत्ति कर–यूजर चार्ज

रायपुर नगर निगम ने संपत्ति कर के साथ वसूले जाने वाले यूजर चार्ज में बढ़ोतरी की है। नगर निगम के अनुसार, आवासीय संपत्तियों पर सालाना एक सौ बीस रुपये की वृद्धि की गई है। वहीं व्यावसायिक संपत्तियों के लिए यूजर चार्ज में सालाना तीन सौ साठ रुपये की बढ़ोतरी की गई है। यह अतिरिक्त राशि संपत्ति कर के साथ ही वसूली जाएगी।

मौसम

प्रदेश में आगामी चौबीस घंटों के दौरान एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून पूर्व गतिविधियां शुरू हो रही हैं। इसके प्रभाव से राज्य के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज अचानक बदल रहा है।

इस बीच, बीजापुर जिले के पेरमपल्ली गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। वहीं, दंतेवाड़ा जिले के चंदेनार साप्ताहिक बाजार में कल आकाशीय बिजली गिरने से ग्यारह लोग इसकी चपेट में आए, जिनमें से एक महिला की मौत हो गई। इसके अलावा मनेन्द्रगढ़ के पास चरखर गांव में भी आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। वहीं, पांच अन्य लोग झुलस गए हैं।

संक्षिप्त समाचार

– छत्तीसगढ़ के पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और सेवानिवृत्त आईएएस बी.के.एस. रे का निधन हो गया है। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और उनका उपचार रायपुर एम्स में चल रहा था।

– छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत आयोजित "मंथ ऑफ सोलर" अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय सम्मान मिलेगा।

– विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच जून को गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभाओं में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

– राजधानी रायपुर में क्वींस क्लब ऑफ इंडिया को विश्व स्तरीय हॉस्पिटैलिटी और वेलनेस सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा।

– रायपुर के गुढ़ियारी में स्थित रेलवे अंडर ब्रिज, मरम्मत कार्य के कारण कल चार जून से अट्ठारह जून तक बंद रहेगा। इस दौरान गुढ़ियारी अंडर ब्रिज पर आवागमन प्रभावित होगा।

– दुर्ग पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, सुपेला निवासी एक व्यक्ति ने अधिक मुनाफे का लालच देकर कई लोगों से रकम निवेश कराई और उनसे लाखों रुपये की ठगी की।

– राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड–एनटीपीसी की लारा परियोजना ने दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम आयोजित किया।

– गरियाबंद जिले के देवभोग और मैनपुर विकासखंड के चार बीज विक्रय केन्द्रों पर कृषि विभाग की टीम ने छापा मारकर छह सौ छियासठ बोरी धान बीज जब्त कर तीन दुकानों को सील कर दिया है।

– सक्ती जिले के सेंदुरस गांव में बीती रात एक बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर सहित कई थानों के प्रभारी पहुंचे। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>